भेक (मेंढक) की खोज

जेनेट चेनेरी

चित्र: बेन शेक्टर

भेक (मेंढक) की खोज

जेनेट चेनेरी

चित्र: बेन शेक्टर

टेडी और उसके पिता सब्जी के बगीचे में थे.

वे खरपतवार निकाल रहे थे.

टेडी ने एक खरपतवार बाहर खींची,
फिर नीचे से कुछ उछला!

टेडी भी उसके साथ कूदा.

"बहुत खूब!" टेडी ने कहा.

"मेंढक, तुमने वाकई में मुझे डरा दिया!"

टेडी के पिता ने छलांग लगाने वाले जीव को देखा.

उसकी त्वचा भूरी और ऊबड़-खाबड़ थी.

"वो मेंढक नहीं है," उसके पिता ने कहा.

"वो एक भेक (टोड) है."

"पर वो एक मेंढक जैसा ही दिखता है," टेडी ने कहा.

टेडी बैठ गया और फिर उसने खुद मेंढक की तरह कूदने की कोशिश की.

"आपको कैसे पता कि वो एक भेक (टोड) है?" टेडी ने पूछा.

"भेक, मेंढक से मोटा दिखता है, और उसकी त्वचा किसी ढेले जैसी ऊबड़-खाबड़ होती है," उसके पिता ने कहा.

"मेंढकों की त्वचा चिकनी होती है और वे पानी के पास रहते हैं.

भेक (टोड) बगीचों में या घास के मैदानों में रहते हैं, या तालाब, या कहीं भी जहाँ पर कीड़े हों."

"अगर मैं उसे छू लूं तो क्या मुझे मस्से हो जाएंगे?" टेडी ने पूछा.

"पीटर ने कहा कि उसे अपना मस्सा एक भेक (टोड) से मिला था."

"मुझे ऐसा नहीं लगता," उसके पिता ने कहा, "लेकिन हम डॉ. बार्लो से पूछ सकते हैं."

टेडी ने भेक (टोड) की ओर देखा.

उसके शरीर पर चारों ओर मस्से थे!

जब वे अपने घर वापस आए, तो टेडी ने डॉ. बार्लो को फोन किया.

"हेलो, डॉ बार्लो," टेडी ने कहा.

"क्या भेक (टोड) को छूने से मस्से हो जाते हैं?"

"नहीं," डॉ बार्लो ने कहा.

"क्या तुम्हारे शरीर पर भेक (टोड) जैसे मस्से हैं?" डॉ. बार्लो ने पूछा.

"नहीं मेरे मस्से नहीं है," टेडी ने कहा, "लेकिन मैंने आज एक भेक (टोड) को देखा है. क्या उससे मुझे मस्सा हो जाएगा?"

"नहीं," डॉ बार्लो ने कहा.

"उससे तुम्हें कुछ नहीं होगा. तुम्हें यह कैसे पता कि वो मेंढक नहीं और एक भेक (टोड) था?"

"क्योंकि हमने उसे बगीचे में देखा," टेडी ने कहा,
"और उसकी ऊबड़-खाबड़ ढेलेदार त्वचा थी."

"ओह," डॉक्टर ने कहा.

"वो एक भेक (टोड) की तरह लगता था."

"क्या उसने छोटी छलांग लगाई, या एक बड़ी छलांग लगाई?"

"बड़ी छलांग," टेडी ने कहा.

"फिर वो एक मेंढक ही होगा," डॉ बार्लो ने कहा.

टेडी ने याद करने की कोशिश की.

क्या उसमे एक बड़ी छलांग लगाई थी?

या वो एक छोटी छलांग थी?

"मैं फिर से देखूंगा," टेडी ने कहा.

"धन्यवाद, डॉ बार्लो."

अगली दोपहर टेडी और पीटर बगीचे में उस भेक (टोड) की तलाश करने के लिए गए.

उन्होंने टमाटर के पौधों में देखा,

उन्होंने दाल के पौधों के पास देखा,

उन्होंने गाजर और मूली में,

और मटर की बेलों के नीचे भी देखा.

लेकिन उन्हें भेक (टोड) कहीं नहीं मिला.

टेडी को याद आया कि उसके पिता ने क्या कहा था.

"भेक (टोड) वहां रहना पसंद करते हैं जहां बहुत सारे कीड़े होते हैं," टेडी ने कहा.

"चलो फिर तालाब के पास जाकर उसे ढूँढ़ते हैं?" पीटर ने कहा.

"वहां बहुत सारे भेक (टोड) हैं. वहां मुझे एक बार मच्छर ने काटा था."

"वहां मुझे एक मधुमक्खी ने काटा था," टेडी ने कहा.

"ठीक है, चलो वहाँ जाकर देखते हैं," पीटर ने कहा.

फिर वे वहां गए.

वे सड़क के पार पोलीवोग तालाब गए.

जैसे ही वे लंबी घास में घुसे और तालाब के पास पहुंचे उन्होंने एक छपाक की आवाज़ सुनी.

उन्हें पानी की सतह पर लहरों के गोले दिखाई दिए.

"वो एक भेक (टोड) है!" टेडी चिल्लाया.

"नहीं भेक (टोड) मोटे और ढेलेदार होते हैं और वे छोटी छलांग लगाते हैं," पीटर ने कहा.

"वो लंबा और पतला था, और उसने लम्बी कूद लगाई थी."

फिर तालाब के बीच में उन्हें एक छोटा सिर दिखाई दिया.

वो भूरा और हरा था.

उसकी त्वचा चिकनी थी, उसके कोई मस्सा नहीं था.

"मुझे लगता है कि वो कोई मेंढक होगा," टेडी ने आह भरी.

"ज़रा चुप रहो," वो फुसफुसाया, "शायद वो बाहर आ जाए."

फिर दोनों दोस्त अपने-अपने हाथों और घुटनों पर बैठ गए.

वे तालाब के चारों ओर घूमते रहे.

तभी भूरे और हरे सिर ने एक डुबकी मारी! और फिर वो गायब हो गया.

टेडी ने भेक (टोड) की तरह कूदने की कोशिश की.

पीटर ने मेंढक की तरह एक बड़ी छलांग लगाई.

अचानक पीटर रुक गया.

उसे अपने सामने एक कछुआ दिखाई दिया.

"वो पीला और काला है!" टेडी चिल्लाया.

"वो एक अच्छा कछुआ है!"

"क्या वह काटेगा?" पीटर ने पूछा.

"चलो देखते हैं," टेडी ने कहा.

उसने घास के एक टुकड़े से

कछुए की नाक में गुदगुदी की.

देखते ही देखते कछुए ने सिर बाहर निकला और वो टिड्डे को खा गया.

"मुझे लगता है कि वो काटता होगा," पीटर ने कहा.

"चलो हम अपने भेक (टोड) को ढूंढते हैं."

कछुए ने अपना सिर खोल में खींच लिया.

पीटर और टेडी ने उसे वो करते हुए देखा.

कछुए ने अपना सिर थोड़ा बाहर निकाला.

फिर उसने एक टिड्डे को देखा जो एक फूल पर बैठा था.

टेडी तालाब के किनारे एक बड़ी चट्टान पर बैठ गया.

पीटर ने घास में ध्यान से देखा.

फिर वो अपने पेट के बल लेट गया और पानी को निहारने लगा.

"अच्छा तुम तालाब में देखो," टेडी ने कहा, "और मैं बाकी सब जगह देखता हूँ."

फिर उसने धीरे से अपना सिर घुमाया.

"यहाँ कोई भेक (टोड) नहीं है," पीटर ने कहा, "यहाँ बस छोटी मछलियां हैं."

"ज़रा रुको!" वो चिल्लाया.

"यहाँ पर कुछ अजीब है!"

"क्या?" टेडी ने पूछा.

"ज़रा आकर देखो," पीटर फुसफुसाया.

टेडी, पीटर के पास गया.

उसने पानी में देखा.

"एक सालामैंडर!" टेडी ने कहा.

"अपने लाल धब्बों के साथ," पीटर ने कहा.

"क्या बात है! एक लाल धब्बों वाली सालामैंडर," टेडी ने कहा.

"उसे देखो. वो पानी के कीड़े खा रही है," पीटर ने कहा.

उन्होंने सैलामैंडर को पानी में इधर-उधर घूमते हुए देखा.

उसने पानी के तीन कीड़े खाए और एक छोटी पोलीवोग का पीछा किया.

"क्या पोलीवोग बेबी मछली होती हैं?" पीटर ने पूछा.

"नहीं," टेडी ने कहा, "वे मेंढक के बच्चे होते हैं."

"फिर टैडपोल क्या होते हैं?" पीटर ने पूछा.

"मुझे नहीं पता," टेडी ने स्वीकार किया.

"चलो तुम्हारे पिताजी से जाकर पूछते हैं," पीटर ने कहा.

जैसे वे जा रहे थे, उन्हें ऊंची खरपतवार में एक तेज़ आवाज़ सुनाई दी.

उन्होंने ध्यान से देखा, लेकिन वे केवल एक छोटी सी लहर ही देख पाए.

घास ऐसे हिल रही थी जैसे कोई हवा बह रही हो.

रात के खाने के समय टेडी ने अपने पिता को बताया.

"पीटर और मैंने उस भेक (टोड) को बगीचे में,

सड़क पर, और तालाब के आसपास ढूँढा.

पर हम उसे कहीं नहीं खोज पाए."

"क्या तालाब में कोई भेक (टोड) नहीं है?"
टेडी की माँ ने पूछा.

"मुझे लगा कि वहां बहुत सारे होंगे."

"नहीं," टेडी ने कहा. "वे सभी मेंढक थे.

उनके मस्से नहीं थे.

उनकी त्वचा चिकनी थी.

वे भेक की तरह कूद भी नहीं रहे थे.

वे तालाब में छलांगे लगा रहे थे."

"लगता है तुम मेंढक और भेक

के बारे में बहुत कुछ जानते हो," टेडी की माँ ने कहा.

"हाँ," टेडी ने कहा, "लेकिन मुझे वो भेक नहीं मिला

जिसे हमने बगीचे में देखा था.

पीटर और मैंने एक मेंढक देखा

और एक लाल धब्बेदार सालामैंडर भी

और एक काला और पीला कछुआ

जिसने एक टिड्डा खाया,

और हम ने घास में एक आवाज़ भी सुनी –

मुझे लगता है कि वो एक सांप था

लेकिन हमें कोई भेक नहीं मिला."

"शायद कल तक कोई दूसरा भेक आ जाए," टेडी के पिता ने कहा.

"लेकिन अब सोने का समय हो गया है,“

उसकी माँ ने कहा. "अब सोने चलो."

"ठीक है," टेडी ने कहा, लेकिन वो तेज़ी से नहीं गया.

वो अपने हाथों और घुटनों के बल बहुत धीरे-धीरे चला.

पहले एक पैर,

फिर एक हाथ,

फिर दूसरा पैर,

फिर दूसरा हाथ.

"जल्दी करो, टेडी," उसकी माँ ने कहा.

"मैं जल्दी नहीं कर सकता. मैं एक कछुआ हूँ," टेडी ने बहुत धीरे से कहा.

"हम उस भेक को ज़रूर ढूंढेंगे."

टेडी के पिता ने कहा, "जिससे तुम दुबारा फिर से कूद सको."

टेडी आखिर में ऊपर की मंज़िल पर पहुंचा.

नहाते समय वो एक सालामैंडर बन गया.

वो टब में इधर-उधर घूमा.

साबुन के बुलबुले पानी के कीड़े थे,

लेकिन उनका स्वाद बहुत अच्छा नहीं था.

फिर माँ ने उससे गुड-नाईट कहा.

उसके बाद में पिताजी ने उसे एक मेंढक की कहानी सुनाई जो वास्तव में एक राजकुमार था.

फिर टेडी सो गया और भेक का सपना देखने लगा.

अगली सुबह टेडी की माँ ने कहा,

"चलो आज हम रात तालाब के पास पिकनिक मनाते हैं."

"ठीक है," टेडी के पिताजी ने कहा.

"क्या पीटर भी हमारे साथ चल सकता है?" टेडी ने पूछा.

"ज़रूर," उसकी माँ ने कहा.

उस शाम वे सभी गली से नीचे तालाब तक गए.

टेडी के पिताजी ने पिकनिक की टोकरी उठाई.

माँ ने स्वेटर लिए और पक्षियों को देखने के लिए एक दूरबीन ली.

टेडी ने नींबू पानी से भरा थर्मस का जग उठाया.

पीटर ने मार्शमॉलो को भूनने और कछुओं को भगाने के लिए एक लंबी छड़ी ली.

वे तालाब के किनारे बैठ गए.

टेडी के पिता ने खाने की टोकरी खोली.

फिर सभी के उबले अंडे खाए.

टेडी की माँ ने दूरबीन से एक पक्षी को देखा

जो एल्म के पेड़ पर बैठा गा रहा था.

"वो एक थ्रश चिड़िया है," उसने कहा.

माँ ने दूरबीन टेडी के पिता को थमा दी.

"क्या आप गाना सुनकर बता सकते हैं कि वो कौन सा पक्षी है?" पीटर ने पूछा.

"एक मेंढक और एक भेक में क्या अंतर होता है?" टेडी ने पूछा.

"क्या उनकी आवाज़ें भी अलग-अलग होती हैं?"

"हाँ," पिताजी ने कहा.

"हर प्रकार के मेंढक और हर प्रकार के भेक की अपनी एक विशेष आवाज़ होती है. यदि तुम मेंढक और भेक के विशेषज्ञ बन जाओ तो तुम उनकी आवाज़ों के बीच के अंतर को भी बता पाओगे."

"हाँ," टेडी की माँ ने कहा.

"हर प्रकार के पक्षी का अपना एक विशेष गीत होता है. जब आपकी उनसे अच्छी दोस्ती हो जाएगी, तब आपको उनके गाने अलग-अलग लगेंगे - जैसे बिल्ली की म्याऊँ और कुत्ते के भौंकने के बीच का फर्क."

पीटर और टेडी ने थ्रश का दूर से गाना सुना.

"माँ पक्षियों के बारे में बहुत कुछ जानती है," टेडी ने कहा.

"तुम्हारे पिताजी भेक के बारे में बहुत कुछ जानते हैं," पीटर ने कहा.

"क्या कोई सैंडविच खाएगा?" टेडी के पिताजी ने पूछा.

और फिर सभी ने ककड़ी के सैंडविच खाए.

"चलो पॉलिवोग को सैंडविच खिलाते हैं," पीटर ने कहा.

उसने अपने सैंडविच से एक टुकड़ा लिया और उसे पानी में फेंक दिया.

टुकड़ा धीरे-धीरे पानी डूबा. तभी एक छोटी सी मछली तैर कर ऊपर आई और उसने उस टुकड़े को पकड़ लिया.

"टैडपोल क्या होते हैं?" टेडी ने अपने पिताजी से पूछा.

"वे पोलीवोग जैसे ही होते हैं," उसके पिताजी ने कहा.

"आपका मतलब है कि वे बेबी मेंढक हैं?" पीटर ने पूछा.

टेडी के पिता ने कहा, "वे या बेबी मेंढक या फिर बेबी भेक होंगे."

"पोल (सिर) के लिए एक पुराना शब्द है.

टैड (भेक) के लिए एक पुराना शब्द है.

इसलिए कोई टैडपोल किसी भेक का सिर होता है."

"क्या तुम्हें पता है कि पोलीवोग कहाँ से आते हैं?" पिताजी ने पूछा.

"पोल का अर्थ है सिर, पीटर ने कहा.

"क्या वोग का मतलब मेंढक होता है?"

"नहीं," टेडी के पिताजी ने कहा.

"यह एक और पुराने शब्द से आया है जिसका अर्थ होता है 'विगल' या थिरकना."

"सिर हिलाओ!" टेडी चिल्लाया.

फिर उसने पीटर की ओर अपना सिर आगे-पीछे हिलाया.

पीटर ने कछुए की तरह अपना सिर अपनी कमीज़ से अंदर-बाहर किया.

"केले, मिठाई या कुकीज़?" टेडी की माँ ने पूछा.

तालाब के दूसरी ओर नरकट में एक मेंढक टर्राने लगा.

"वो मेंढक मेरा केला ले सकता है, लेकिन मुझे एक कुकी चाहिए," पीटर ने कहा.

फिर उसी मेंढक के पास एक दूसरा मेंढक भी टर्राने लगा.

टेडी ने दूरबीन से अन्य मेंढकों को खोजने की कोशिश की.

अब उन्हें अपने पास ही एक तीसरी लंबी और ऊंची टर्राने की आवाज़ सुनाई दी.

टेडी ने अपने चश्मे से, जमीन की ओर देखा

उसने उस मेंढक को खोजने की कोशिश की.

"मुझे एक विशाल चींटी दिखाई दे रही है

जो एक पेड़ के तने पर चढ़ रही है

और एक पक्षी जितना बड़ा कीड़ा,

और एक भूरे रंग की नरकट लेकिन -

उसे फिर से कर्कश आवाज सुनाई दी,

काफी तेज़.

"वो वहाँ है!" टेडी चिल्लाया.

"वो कितना मोटा मेंढक है!" उसने कहा.

"ज़रा मुझे देखने दो," पीटर ने कहा.

पीटर ने भी दूरबीन से देखा.

"वो मेंढक नहीं है, टेडी," पीटर चिल्लाया.

"वो एक भेक (टोड) है!"

"एक भेक (टोड)?" टेडी ने कहा.

फिर वे सब देखने के लिए गए.

वो तीन त्वरित छोटी छलांगों में उछला.

"वह निश्चित रूप से एक भेक (टोड) है."
टेडी के पिताजी ने कहा.

"हाँ," टेडी ने आह भरी.

"वो निश्चित रूप से एक भेक (टोड) है!"

समाप्त